न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी :– जगदीश प्रसाद गौड़,
आर.ए.एस.

गुण्डा एक्ट प्रकरण संख्या :– 18/2022

राजस्थान सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक,झुंझुनू ।

–बनाम–

बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू।

इस्तगासा अन्तर्गत धारा 2 खण्ड (ख)(iii)
राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975

उपस्थिति :–

1. श्री सहायक लोक अभियोजक (प्रथम) ––––––––––सरकार की ओर से।

–निर्णय– दिनांक 28.06.2022

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार हैं कि पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू ने दिनांक 18.04.2022 को गैरसायल बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू के खिलाफ इस्तगासा पेश किया कि बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू का रहने वाला है जो एक अपराधिक मनोवृति का आदतन जुआरी व्यक्ति है। जिसने अपनी आपराधिक गतिविधियों से बगड़ व आस–पास के लोगों को को अपने जुए के कारोबार में धकेल रहा है। इसकी आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ रही है, इसके डर से कोई भी व्यक्ति इसके खिलाफ थाने पर सूचना या रिपोर्ट देने से डरता है तथा ना ही कोई गवाही देने के लिए तैयार है। इसकी आपराधिक गतिविधियों से युवा पीढी व समाज पर विपरित असर पड़ रहा है तथा इलाके में रहने वाले लोगों के अमन चैन को ठेस पंहुच रही है। इसके खिलाफ अब तक 02 अभियोग दर्ज किये गये हैं जिनमें से दोनों प्रकरणों में न्यायालय द्वारा अपराधी मानकर दण्डित किया गया है इसके जिले की सीमाओं में रहने से अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उक्त शख्स द्वारा किये गये अपराध एंव दोषसिद्धि का विवरण निम्न प्रकार है :–

1. अभियोग संख्या 36/2021 दिनांक 05.02.2021 धारा 13 आरपीजीओ थाना बगड़, झुंझुनू में पंजीबद्ध होकर आरोप पत्र संख्या 17 दिनांक 09.02.2021 को न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें बाद अन्वीक्षा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुन्झुनू द्वारा अपने निर्णय दिनांक 06.04.2021 को अभियुक्त को [illegible] अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

2. अभियोग संख्या 54/2021 दिनांक 26.02.2021 धारा 13 आरपीजीओ थाना बगड़, झुंझुनू में पंजीबद्ध होकर आरोप पत्र संख्या 27 दिनांक 27.02.2021 को न्यायालय में पेश

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2022.07.04 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested

अति. जिला कलेक्टर
झुंझुनूं

किया गया। जिसमें बाद अन्वीक्षा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुन्झुनू द्वारा अपने निर्णय दिनांक 06.04.2021 को अभियुक्त को दोषसिद्ध मानते हुये 100 रू. अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू का यह कृत्य राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 के खण्ड (ख) उपखण्ड (5) की परिभाषा में पूर्ण रूप से आता है, जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावें।

इस्तगासा पेश होने पर गैर बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, झुन्झुनू को उसके खिलाफ लगाये आरोपों की सूचना को नोटिस देकर तलब किया गया तथा दिनांक 30.06.2022 को गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का सारांश सुनाया गया, जिसे गैर सायल द्वारा उपस्थित होकर लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर स्वीकार किया जाने पर बहस अन्तिम सुनी गई।

दौराने बहस विद्वान एपीपी–1 ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि गैर सायल बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, झुंझुनू में 2 अभियोग दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश किये गये हैं तथा दोनों ही प्रकरणों में गैर सायल जुर्माने से दण्डित हुआ है। इस प्रकार गैर सायल राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधि0 1975 की धारा 2 खण्ड (ख) के उपखण्ड (5) में अंकित धारा के अधीन 2 बार दोषसिद्ध होने के कारण गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसे झुंझुनू जिले से निष्कासित किया जावे।

मैने पत्रावली का अवलोकन किया। उभय पक्ष की बहस पर ध्यानपूर्वक मनन किया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात/साक्ष्य के मुताबिक बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू के खिलाफ पुलिस थाना बगड़, झुंझुनू में 2 अभियोग दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश किये गये हैं तथा दोनों ही प्रकरणों में गैर सायल जुर्माने से दण्डित हुआ है। गैर सायल बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, राजस्थान गुण्डा अधिनियम 1975 के अन्तर्गत 2 बार अपराध करने के कारण गुण्डा की परिभाषा में आता है। उक्त अधिनियम की धारा 8 के अनुसार ऐसे प्रकरणों पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान लागू नही होते हैं तथा साक्ष्य का प्रोबेटिव वेल्यू होने के कारण उक्त दस्तावेज सम्पुष्टि के लिए पर्याप्त है। अतः प्रत्येक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर्ता व चालान पेशकर्ता का आकर साबित करना आवश्यक नही है तथा राज0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के नियम 3 के अनुसार पुलिस अधीक्षक की लिखित सूचना पर धारा 3 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकती है। किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत की आवश्यकता नही है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य/सबूत को दृष्टिगत रखते हुए मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि गैरसायल यदि इस जिले में बना रहता है तो वह ऐसे अपराधो की पुनरावृति में पुनः लग[illegible]ढ़ी को ऐसी सामाजिक बुराई के अपराध में संलिप्त कर उन्हे दि[illegible]ग कर सकता है तथा आम जन की जान माल क[illegible] नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 3 (ख) (।।) में [illegible] कारणों के कारण गैरसायल बाबू

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2022.07.04 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested

अति. जिला कलक्टर
झुंझुनूं

मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू को झुन्झुनू जिले से निष्कासित करना न्यायोचित व आवश्यक समझता हूं।

अतः गैरसायल बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, जिला झुन्झुनू, को राज0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3(ख) (ii) के तहत 20 दिवस की अवधि के लिए झुन्झुनू जिले की सम्पूर्ण सीमा से बाहर पुलिस थाना कोतवाली, जिला चुरू निष्कासित किये जाने के आदेश दिये जाते है। इस दौरान गैर सायल ऐसे अपराध एवं अन्य असमाजिक गतिविधियों में शामिल नही रहेगा तथा गैर सायल बाबू मोहमद पुत्र श्री निसार मोहम्मद, निवासी वार्ड नम्बर 08, सब्जी मण्डी बगड़, पुलिस थाना बगड़, झुन्झुनू उक्त 20 दिवस की निष्कासित अवधि मे जहॉ भी निवास करे, थानाधिकारी, पुलिस थाना कोतवाली, जिला चुरू को अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर उस स्थान की सूचना पुलिस थाना बगड़ को देंगे तथा थानाधिकारी पुलिस थाना बगड़ झुंझुनू उचित पते की सूचना प्राप्त होने पर गैर सायल की गतिविधियों बाबत पाक्षिक सूचना इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। यह निर्णय दिनांक 30.06.2022 के पश्चात 15 दिवस के बाद से प्रभावी होगा। निर्णय की प्रति पुलिस अधीक्षक झुन्झुनू को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

अति. जिला कलक्टर
झुंझुनूं

(जगदीश प्रसाद गौड़)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
झुंझुनू

निर्णय आज दिनांक 28.06.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, बाद मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रांकित खुले न्यायालय में सुनाया गया।

अति. जिला कलक्टर
झुंझुनूं

(जगदीश प्रसाद गौड़)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
झुंझुनू

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2022.07.04 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested